"प्रेस नोट"

डी0एल0एड0 परीक्षा अक्तूबर–2020

डी0एल0एड0 (रि–अपीयर/नियमित, प्रथम व द्वितीय वर्ष) परीक्षा अक्तूबर–2020 की परीक्षा दिनांक 28.10.2020 से आरम्भ हो रही है। पात्र छात्र–अध्यापकों के प्रवेश–पत्र (Admit Card) सम्बन्धित कॉलेज/संस्थान की लॉग–ईन आई0डी0 पर दिनांक 21.10.2020 से उपलब्ध होंगे। सभी छात्र–अध्यापक प्रवेश–पत्र (Admit Card) बारे अपने कॉलेज/संस्थान से सम्पर्क करें। छात्र–अध्यापक प्रवेश–पत्र (Admit Card) पर दर्शाए गए महत्वपूर्ण दिशा–निदेर्शों को ध्यान से पढ़कर/समझकर उनका पालन करना सुनिश्चित करें।

कुछ कॉलेज/संस्थान द्वारा रि–अपीयर की परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले कुछ छात्र–अध्यापकों का डाटा तो अपलोड कर दिया गया है परन्तु परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवाया गया है। ऐसे कॉलेज/संस्थान के मुखिया/प्रतिनिधि परीक्षा से पूर्व केवल कार्यालय कार्य दिवस में बोर्ड मुख्यालय पर उपस्थित होकर निर्धारित परीक्षा शुल्क व विलम्ब शुल्क 1000/–रूपये सहित (प्रति छात्र–अध्यापक की दर से) शुल्क जमा करवा सकते हैं। शुल्क जमा होने उपरान्त ही प्रवेश–पत्र (Admit Card) लाईव/जारी किए जाएगें।

कॉलेज/संस्थान इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि ऐसे सभी छात्र–अध्यापक जो परीक्षा संबधी निर्धारित विनियम/नियमों के अनुसार परीक्षा में शामिल होने के लिए योग्य/पात्र नहीं बनते हैं उनको प्रवेश–पत्र (Admit Card) जारी नहीं किया जाना है। यह विशेष रूप से कॉलेज/संस्थान के मुखिया की जिम्मेवारी होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र–अध्यापक परीक्षा हेतु निर्धारित विनियम/नियमों के अनुसार परीक्षा में शामिल होने के लिए योग्य/पात्र बनते हैं। ऐसे मामलों के प्रवेश–पत्र (Admit Card) कॉलेज/संस्थान के मुखिया द्वारा रिपोर्ट सहित बोर्ड कार्यालय को परीक्षा शुरू होने से पूर्व वापिस भेजे जाने है।

सचिव

Scanned with CamScanner